राजस्थान सरकार
**आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर**
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Gyan Ganga/2020/.133...; दिनांक : 24.. Dec. 2020

प्राचार्य
समस्त राजकीय महाविद्यालय
राजस्थान ।

## ज्ञान गंगा कार्यक्रम

## नव वर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं

राजकीय महाविद्यालयों में कार्यरत संकाय सदस्यों को उनके विषय में अद्यतन ज्ञान संवर्द्धन, शोध अभिवृत्ति प्रोत्साहन, कक्षा अध्यापन कौशल विकास एवं नवाचार परक शिक्षण को प्रोत्साहित करने के लिए विभाग द्वारा ज्ञान गंगा कार्यक्रम आरंभ किया गया है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न महाविद्यालयों के द्वारा ज्ञान गंगा कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं –

1. राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर : रसायन शास्त्र
2. कला महाविद्यालय सीकर : भूगोल
3. कन्या महाविद्यालय चौमू : गृह विज्ञान

इस कार्यक्रम की सफलता और लाभार्थी संकाय सदस्यों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर इसे वृहद रूप में आयोजित करवाया जाना है । इसके लिए निम्नलिखित कार्यक्रम अनुसार एवं विषय अनुसार न्यूनतम 6 दिवस एवं प्रति दिवस 2 घंटा 30 मिनट अवधि के विषय–वार विषय ज्ञान संवर्द्धन हेतु ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करवाए जाने हैं जिसका विवरण आगे उल्लेखित है।

### प्रशिक्षण कार्यक्रम आवंटन

| क. सं. | महाविद्यालय का नाम | विषय एवं आयोजन चरण (आयोजन वर्ष 2021) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | I 11-16 Jan. | II 18-23 Jan. | III 25-31 Jan. (Excluding 26th Jan.) | IV 01-06 Feb. | V 15-20 Feb. |
| 1. | राज. महा. अजमेर | Chemistry | History | Pol. SC. | Botany | Zoology |
| 2. | राज. डूंगर महा. बीकानेर | Botany | Chemistry | Zoology | Pol. Sc. | |
| 3. | राज. महा. सिरोही | | | | | Chemistry |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4. | राज. विज्ञान महा. कोटा | | Zoology | | Chemistry | |
| 5. | राज. कला महा. कोटा | Geography | | | | |
| 6. | राज. कला कन्या महा. कोटा | Sociology | Sanskrit | Economics | | |
| 7. | राज. वाणिज्य महा. कोटा | | | Bus. Adm. | | |
| 8. | राजर्षि राज. महा. अलवर | | Botany | Chemistry | | |
| 9. | मीरा कन्या महा. उदयपुर | Zoology | Geography | Sociology | Sanskrit | Home Sc. |
| 10. | महा. श्री जया महा. भरतुपर | | | Botany | Zoology | |
| 11. | राज. महा. चित्तौडगढ | | | | Geography | |
| 12. | राज. महा. झालावाड | | | | | Geography |
| 13. | राज. महा. चुरु | | | Geography | | History |
| 14. | राज. महा. बूंदी | History | | | | Botany |
| 15. | राज. महा. श्रीगंगानगर | Pol. Sc. | | | | |
| 16. | राज. कन्या महा. श्रीगंगानगर | | ABST | | | |
| 17. | राज. महा. कोटपूतली | | Hindi | | | Pol. Sc. |
| 18. | राज. महा. जोधपुर | | | | ABST | |
| 19. | राज. महा. बांदीकुई | Hindi | | | History | |
| 20. | राज. महा. बांसवाडा | | | | Hindi | |
| 21. | राज. महा. दौसा | | Pol. Sc. | | | |
| 22. | राज. महा. नाथद्वारा | Economics | | | | |
| 23. | राज. कन्या महा. चौमूं | Home Sc. | | | | |

इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि–

1. आयोजक महाविद्यालय में स्थापित नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वयक प्रकोष्ठ रहेगा परंतु इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन संबंधित विषय के विभाग के द्वारा करवाया जाएगा। अतः संबंधित विभाग प्रभारी इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समन्वयक तथा संबंधित विभाग से ही आयोजन सचिव ,सह सचिव आदि बनाये जाएं।
2. ज्ञान गंगा कार्यक्रम राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है अतः सभी आवंटित महाविद्यालयों द्वारा ये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित करवाए जाएंगे।
3. आयोजन की समस्त व्यवस्थाएं यथा ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स की निर्बाध उपलब्धता, रिसोर्स पर्सन, रजिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम चयन, प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र आदि की व्यवस्था आयोजक महाविद्यालय द्वारा ही की जाएंगी।

इसके लिए आवश्यक होने पर महाविद्यालय में उपलब्ध वित्तीय संसाधनों में से नियमानुसार व्यय की अनुमति प्रदान की जाती है।

4. प्रशिक्षण का प्रतिदिन समय 2 घण्टा 30 मिनिट्स का रहेगा, जो कि प्रातः 10.30 बजे से आरम्भ होकर अपरान्ह 1.00 बजे तक होगा। अतः इस प्रयोजनार्थ किसी भी प्रतिभागी को कर्त्तव्य अवकाश नहीं दिया जायेगा। नामित संकाय सदस्यों को इस प्रशिक्षण को महाविद्यालय मे उपस्थित रहकर ही करना है। यदि कोई नामित संकाय सदस्य अवकाश पर हैं, तो वे किसी भी स्थान पर रहकर इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकते हैं।

5. संबंधित प्राचार्य नामित संकाय सदस्य/सदस्यों को प्रशिक्षण अवधि में महाविद्यालयी कार्य से मुक्त रखें।

6. संकाय सदस्यों को नामित की जाने वाली सूची में नामित संकाय सदस्य के महाविद्यालय के नाम के साथ अंकित उनके मूल पदस्थापन महाविद्यालय अथवा उनके कार्य व्यवस्थार्थ पदस्थापन महाविद्यालय के नाम में कोई अन्तर हो तो उन्हें इस आदेश के जरिये निर्देशित किया जाता है कि वे बिना किसी पूरक प्रश्न के जहां भी वर्तमान में कार्यरत हैं, वहीं से इस प्रशिक्षण में सहभागी बनें।

7. सभी नामित प्रशिक्षणार्थियों को आयोजक राजकीय महाविद्यालय, द्वारा सूचित की गई लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य है। इसके लिये नामित संकाय सदस्य आयोजक महाविद्यालय द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर्स पर स्वयं सम्पर्क करके अपडेटेड रहेंगे तथा आयोजक महाविद्यालय द्वारा समूह में जुडने एवं रजिस्ट्रेशन करने संबंधी दिये जाने वाले निर्देशों का पालन करेंगे।

8. इन प्रशिक्षणों में नामित सभी संकाय सदस्यों को भाग लेना अनिवार्य है।

9. आयोजक महाविद्यालय ध्यान रखें कि प्रशिक्षण में यथा संभव रिसोर्स पर्सन के रुप में स्थानीय, राज्य के अन्य महाविद्यालय/उच्च शिक्षण/शोध संस्थानों एवं राज्य के बाहर स्थित उच्च शिक्षण/शोध संस्थानों से 40, 40 एवं 20 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व रखवाया जाना है। ताकि हर स्तर से विषय प्रतिनिधित्व हो सके एवं ज्ञान गंगा संगम को समुचित बनाया जा सके, तथापि प्रयास यही रखा जाना है कि कार्यक्रम गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं हो।

10. इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिये विषयवार प्रशिक्षणार्थियों को आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर द्वारा नामित/अनुमत किया जायेगा, जिसकी सूचना आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान की बैबसाइट के माध्यम से सभी को प्रेषित की जायेगी।

11. सभी नामित प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में निर्देशित/निर्धारित पूरे समय तक ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करनी है।

12. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। प्रमाण पत्रों पर आयुक्तालय स्तर पर सक्षम अधिकारी, महाविद्यालय के प्राचार्य, कार्यक्रम प्रभारी एवं नवाचार प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी के हस्ताक्षर होंगे।

13. इन प्रशिक्षणों में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर द्वारा नामित/अनुमत प्रशिक्षणार्थियों के अतिरिक्त अन्य इच्छुक संकाय सदस्यों/शोधार्थियों को भी सम्मिलित किया जा सकेगा परन्तु प्रमाण पत्र केवल उन्हीं प्रशिणार्थियों को प्रदान किये जायेंगे जिन्हें आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर नामित/अनुमत किया जायेगा।

14. सभी आयोजक महाविद्यालय प्रतिदिन प्रत्येक सत्र के अन्त में प्रशिक्षणार्थियों/लाभार्थियों से फीडबैक लेने की व्यवस्था करेगा। सभी प्रशिक्षणार्थियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रतिदिन ऑनलाइन फीडबैक देना अनिवार्य है। यह फीडबैक आयोजकों द्वारा यथा निर्देशित प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उसी दिन ऑनलाइन भरना होगा।

15. इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के पूर्ण होने पर सभी प्रशिक्षणार्थी एक सादे कागज पर अपना फीडबैक लिखकर संबंधित प्राचार्य को जमा करवायेंगे, जिसे कि प्राचार्य द्वारा **आयुक्तालय को नवाचार प्रकोष्ठ को ज्ञान गंगा कार्यक्रम की ई–मेल gyanganga.cceraj@gmail.com पर** कार्यक्रम समाप्ति से 03 दिवस के अन्दर भिजवाया जाना अनिवार्य है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की सहायता अथवा मार्गदर्शन हेतु नवाचार एम कौशल विकास प्रकोष्ठ के निम्न अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **डॉ. विनोद कुमार भारद्वाज** | : प्रभारी अधिकारी नवा. एवं कौशल विकास | **9414304650** |
| 2. | **डॉ. शिवांगना शर्मा** | : सह आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास | **9461519852** |
| 3. | **डॉ. ललिता यादव** | : सह आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास | **9461519852** |
| 4. | **डॉ. विश्राम मीना** | : सहा. आचार्य, नवा. एवं कौशल विकास | **9950373686** |

**सन्देश नायक, IAS**
आयुक्त

पत्रांकः CCE/ISDC/RACE/2020/ 134 ; दिनांकः 24 दिसम्बर 2020

सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सहायक, अतिरिक्त आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
4. समसत संयुक्त निदेशक, आकाशि, जयपुर।
5. सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान।
6. सभी प्रभारी अधिकारी, महाविद्यालय समूह, आकाशि, जयपुर।
7. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
8. रक्षित पत्रावली।

24/12/2020

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ